# त्रिवेणी मेला की स्वीकृति कराने पर सनातन धर्म महासभा ने किया विधायक काश्यप का सम्मान



सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

कोविड 19 की वजह से बंद हुए त्रिवेणी मेले की स्वीकृति कराने पर सनातन धर्म महासभा ने विधायक चेतन्य काश्यप का सम्मान कर आभार प्रकट किया। इस मौके पर श्री काश्यप को त्रिवेणी मेला ग्राउंड को संरक्षित करने के लिए ज्ञापन भी सौंपा गया।

श्री काश्यप ने इस मौके पर कहा कि धर्म के प्रति श्रद्धा एवं आस्था बढ़ाने के लिए मेलों का आयोजन सालों से परंपरागत होता आ रहा है। मेले के माध्यम से हर व्यक्ति के मन में श्रद्धा जागती है।

इसलिए मेले का आयोजन प्रासंगिक है। कोरोना की संभावित तीसरी लहर को देखते हुए प्रशासन भीड़ भरे आयोजन करने के पक्ष में नहीं है। लेकिन उज्जैन में भी मेले को सीमित स्वरूप में आयोजित किया गया है। इसलिए रतलाम में कोविड नियमों का पालन करते हुए मेले के आयोजन की स्वीकृति मिली है। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से इससे जुड़े व्यवसायियों को रोजगार मिलेगा।

विधायक श्री काश्यप ने कहा कि समाज के विकास के लिए प्रत्येक आयामों की जरूरत होती है। सिर्फ भौतिक विकास एवं औद्योगिकीकरण ही विकास के प्रतीक नहीं होते। खेल, धर्म, संस्कृति आदि से जुड़े आयाम भी समाज में होते रहने चाहिए। कार्यक्रम को सनातन धर्म महासभा के संयोजक अशोक मीडिया ने भी संबोधित किया। आरंभ में महासभा के राजू केलवा ने विचार रखे। इस अवसर पर श्री काश्यप का शाल श्रीफल एवं साफे से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन गोविन्द काकानी ने किया आभार राजेन्द्रसिंह गोयल ने माना।

इस अवसर पर मनोहर पोरवाल, मनोज शर्मा, सतीश भारतीय, बालमुकुन्द चावड़ा, मोहनलाल धवाई, कमल भाटी, गोपाल शर्मा, जगदीश हरारिया, रमेशचन्द्र पांचाल, भूपेन्द्र सोनी, गोपाल सोनी, नन्दकिशोर सोनी, टीकमसिंह सोलंकी, मनोहरसिंह चौहान, मुकेश खरे, राजू कल्याणे, अनिल सोनी, पुनीत गिरजे, शिवांश क्षप्री, डाडमसिंह राठौर आदि मौजूद थे।

सिंघम - 16

सिंघम - 16/12/21

# छोटी सी नाली निर्माण में लग रहा है एक माह से अधिक समय

रतलाम ● स्वदेश समाचार

रतलाम का विकास देखना है तो कलाईगर - घास बाजार रोड पर देखों। एक छोटा सी नाली निर्माण में एक महीना होने को आ गया है।

नगर निगम के श्रेष्ठ इंजीनियर ने पहले नाली में जेसीबी से खुदाई करवाई फिर बड़े सीमेंट के 600 मिमी के पाइप डाले फिर ऊपर सीसी करवाई वो भी सड़क से छः से आठ इंच ऊंची बनाई फिर तुड़वाई गई नाली में अब छोटे सीमेंट के पाइप 150 मिमी के डाले गए जो गजब की कारीगरी है। यह सड़क सबसे व्यस्त सड़क है जिससे लगभग 25-30 गांव जुड़ते हैं और साथ ही झाबुआ से गुजरात को जोड़ने वाली सड़क भी संत रविदास चौक से जुड़ती है।





जिला मुख्यालय से जिला चिकित्सालय से ओर संबंधित थाने से यही सड़क जोड़ती है। इस सड़क से पुलिस जल्द ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच जाती है । जिला चिकित्सालय से रैफर मरीज गुजरात जाते हैं व दूध ,सब्जी और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राएं यही से शहर आते है परन्तु नगर निगम के अधिकारी ने तो आंख बंद कर रखी है साथ ही जनप्रतिनिधि को भी परवाह नहीं है। न जाने इस शहर का क्या होगा। बस सभी को सम्मान पाने व केवल सफलता का साफा बंधवाना है किसी को किसी की परेशानी से कोई सरोकार नहीं। शासन प्रशासन ओर जनप्रतिनिधि कब जागेंगे।

सामाजिक कार्यकर्ता जितेन्द्र राव ने बताया कि संबंधित अधिकारी जनता का पैसा और समय खराब कर रहे है जिसका कौन जिम्मेदार है। शहर में ऐसे लापरवाही के काम का जुर्माना संबंधित अधिकारियों से वसूला जाए। स्वदेश

स्वदेश 17/12/21

# 17 जिलों के हर घर में अब नल से पानी

## कैबिनेट की मंजूरी ● 6117 गांवों के लिए 9373 करोड़ रुपये से ज्यादा की समूह योजना



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। ● सौजन्य : जनसंपर्क विभाग

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। प्रदेश के 17 जिलों के 6117 गांवों में पेयजल आपूर्ति अब नल के माध्यम से होगी। प्रत्येक घर में नल कनेक्शन दिया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में 9373 करोड़ रुपये की लागत वाली 22 समूह नल जल प्रदाय योजना को मंजूरी दी गई।

सरकार के प्रवक्ता एवं गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल स्तर गिरने एवं जल की गुणवत्ता प्रभावित होने से सतही जल स्रोत आधारित योजनाओं को प्राथमिकता दी जानी है। केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्ष 2024 तक सौ प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को नल-जल योजना के द्वारा घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल आपूर्ति करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 17 जिलों के 6117 गांवों के लिए 22 समूह जल प्रदाय योजना का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे मंजूरी दी गई है।

वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग की तेजस्विनी परियोजना के अंतर्गत गठित 16747 स्व-सहायता समूहों का विलय ग्रामीण आजीविका मिशन में किया जाएगा। भवन निर्माण का काम अब लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआइयू) के साथ-साथ मप्र सड़क विकास निगम भी करेगा। इसके लिए नई कंपनी गठित की जाएगी। पीआइयू की धीमी गति को देखते हुए निगम को काम सौंपने पर काफी समय से विचार किया जा रहा था। सहायक लोक अभियोजन अधिकारी के रिक्त 144 पदों में से पहले चरण में 72 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया करने की अनुमति दी गई। इसके साथ ही परिवहन विभाग की डबरा स्थित परिसंपत्ति को पांच करोड़ 52 लाख और गुना बस स्टैंड एवं सब डिपो की भूमि एवं भवन को 32 करोड़ रुपये में नीलाम करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

## 14 से 28 जनवरी तक मनेगा आनंद उत्सव



**महाशिवरात्रि से पहले उज्जैन के महाकाल मंदिर के विकास कार्य को करेंगे पूरा**

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। राज्य सरकार अगले साल नर्मदा जयंती और महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारी कर रही है। नर्मदा के प्रसिद्ध तटों और प्रदेश के सभी बड़े शिवालयों में भव्य आयोजन होंगे। इसलिए महाशिवरात्रि से पहले महाकाल ज्योतिर्लिंग परिसर उज्जैन में चल रहे सात सौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। यह बात गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक के पहले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। मंत्रियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 14 से 28 जनवरी 2022 तक आनंद उत्सव आयोजित किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री ने कहा**

- नर्मदा जयंती और महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाएंगे
- कई राज्यों ने दिखाई आनंद विभाग की गतिविधियों में रुचि

मुख्यमंत्री ने बताया कि वाराणसी में विभिन्न राज्यों के नवाचारों पर हुए प्रस्तुतीकरण में मध्य प्रदेश की ओर से आनंद विभाग पर केंद्रित प्रस्तुति दी गई। इसे कई राज्यों ने सराहा है। वे आनंद विभाग की गतिविधियों का अनुसरण करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आनंद विभाग की गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा। इसमें अल्पविराम, आनंद घर, आनंद कैलेंडर और आनंद शिविर आदि गतिविधियां संचालित होंगी। बता दें कि प्रदेश में वर्तमान में 170 स्थानों पर आनंद घर संचालित हैं।

### मंत्रियों को निर्देश, केंद्र से सहयोग का विशेष प्रयास करें

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों की गतिविधियों के लिए केंद्र से अधिक से अधिक सहयोग लेने के लिए विशेष प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे प्रदेश में विकास और जनकल्याणकारी गतिविधियों का और अधिक विस्तार हो सकेगा।

## 'मुझे परिणाम चाहिए'

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मध्य प्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग के अधिकारियों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने साफ कहा कि अगले दो साल में जमीनी स्तर पर काम दिखाई देने चाहिए। मुझे परिणाम चाहिए। मुख्यमंत्री गुरुवार को आयोग की तीसरी बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयोग प्रदेशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से कम समय में पूरी होने वाली योजनाएं बनाए, नीति तय करें और उनका प्रभावी क्रियान्वयन कर जल्द परिणाम दें। सर्वोच्च प्राथमिकता के कुछ कार्यक्रम व योजनाएं तय कर उनके लक्ष्य तय करें। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष प्रो सचिन चतुर्वेदी, वित्त एवं योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे मुख्यमंत्री ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्राप्त करने के लिए विभागों की कार्ययोजना, रणनीति, समय सीमा पेश करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सहकारिता आंदोलन, जल प्रबंधन, फसल विविधीकरण, महिला नीति, सतत पर्यटन और मत्स्य निर्यात की दिशा में प्रभावी प्रयासों से लोगों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

नईदुनिया । 17/12/21

कंसलटेंसी एजेंसी ने कार्यशाला में बताया कैसे पिछड़े हुए है हम ▫ कचरा संग्रहण से लेकर सफाई में भी करना होगा बेहतर काम ▫ कल इस मुद्दे पर बड़ी कार्यशाला हुई

# स्वच्छता में अव्वल आने के लिए अब पूरी तैयारी...

● रतलाम

**देश के टॉप स्वच्छ शहरों में रतलाम को सम्मिलित करने के लिए प्रयास अब और तेज हो गए है। शहर विधायक एवं कलेक्टर ने इसमें विशेष रुचि दिखाना शुरु की है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि रतलाम में अब स्वच्छता कार्य गति पकड़ेगा। इसके लिए इंदौर को नंबर वन बनाने में सहयोगी रही कंसलटेंसी एजेंसी की सेवाएं शहर के लिए ली जा रही हैं।**



इसी तारतम्य में कल यहां आयोजित कार्यशाला में एजेंसी ह्यूमन मेट्रिक्स द्वारा रतलाम शहर के लिए प्रेजेंटेशन दिया गया। विधायक श्री काश्यप, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कलेक्टर पुरुषोत्तम के अलावा पद्मश्री डॉ.लीला जोशी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, कन्हैयालाल मोर्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कार्यशाला में उपस्थित थे। कार्यशाला से उपस्थितजनों में रतलाम को स्वच्छता में ऊंचा स्थान दिलाने के लिए नया जोश जागा, सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया। सैलाना रोड स्थित श्री गुरु तेग बहादुर अकेडमी पर आयोजित जीरो वेस्ट थीम पर आधारित स्वच्छ समागम कार्यशाला में शहर के कई पूर्व पार्षदगण तथा अशासकीय संगठनों के पदाधिकारी, मीडियाजन उपस्थित थे। ह्यूमन मैट्रिक्स के सनप्रीतसिंह ने प्रेजेंटेशन में जहां इंदौर को नंबर वन बनाने में किए गए प्रयासों योजनाओं, कार्यक्रमों की सिलसिलेवार जानकारी दी, वही रतलाम को ऊंची रैंकिंग दिलाने में बाधक बिंदुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। एजेंसी ने शहर में वृहद सर्वेक्षण द्वारा उन कमियों की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिनकी वजह से स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम अभी पीछे है। यह भी बताया कि अब आगे क्या करना है, क्या स्ट्रैटेजी अपनानी है। विधायक चेतन्य काश्यप ने उद्बोधन में शहर के लिए नियोजित कार्य योजना को जरूरी बताया। साथ ही महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि हमारा समीपवर्ती जिला इंदौर स्वच्छता में देश में नंबर वन है तो हम भी पीछे नहीं रहेंगे। शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य करेंगे, जनभागीदारी भी खड़ी की जाएगी। रतलाम कई क्षेत्रों में आगे हैं, स्वच्छता में भी शहर को निश्चित रूप से अग्रणी बनाएंगे। विधायक ने कहा कि स्वच्छता के लिए वार्डों में समितियां बनाई जाए, घरों में कंपोस्ट निर्माण के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। यही प्रशिक्षण व्यवस्था शहर की होटल्स के गीले कचरे के निपटान के लिए भी करना होगी। विधायक ने शहर को स्वच्छता में उचित स्थान दिलाने के लिए टाइम लाइन निर्धारित करके चरणबद्ध ढंग से कार्य करने पर जोर दिया। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि हम कृत-संकल्पित हैं, निश्चित रूप से अब शहर स्वच्छता के लिए नई करवट लेगा। आने वाले दिनों में बदलाव नजर आएगा। हम स्वच्छता अभियान 2022 की शुरुआत कर रहे हैं। आने वाले माह से बदलाव दिखेगा, शासन ने जिलों की भी रैंकिंग व्यवस्था आरंभ की है जिसके लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा।

## कैसे आएगा रतलाम अव्वल एजेंसी ने दिया प्रेजेंटेशन

ह्यूमन मेट्रिक्स के सनप्रीतसिंह ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि 2022 स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए 7500 अंक रहेंगे, इनमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 3000 अंक होंगे। सिटीजन वॉइस के लिए 2250 अंक रहेंगे। सर्टिफिकेशन के लिए भी 2250 अंक रखे गए हैं। रतलाम शहर को स्वच्छता के साथ-साथ वाटर प्लस में भी अंक हासिल करना होंगे। सीनियर सिटीजन फीडबैक भी महत्वपूर्ण रहेगा। इसके लिए 400 अंक होंगे, सिटीजन इंगेजमेंट के 500 अंक रखे गए हैं। सफाई मित्र सुरक्षा के लिए भी 375 अंक होंगे। इसमें सीवर गाद निकालने के लिए मशीन का इस्तेमाल महत्वपूर्ण है। सनप्रीतसिंह ने उन महत्वपूर्ण घटकों पर क्रियान्वयन की जानकारी दी जिन पर अमल करके इंदौर स्वच्छता में देश में नंबर वन बना है। कार्यशाला के दौरान प्रेजेंटेशन में उन कमियों को बताया गया जिनको दूर करके रतलाम को स्वच्छता के अग्रणी शहरों में शुमार किया जाएगा। उनमें डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन महत्वपूर्ण है। अभी रतलाम शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 50 से 70 प्रतिशत है जिसे शत-प्रतिशत करना है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों की सफाई में कमी को दूर करना है। कचरा पृथक्करण सबसे महत्वपूर्ण घटक है। गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण के अलावा प्लास्टिक एवं अन्य घटकों के पृथक्करण का कार्य भी शत-प्रतिशत रूप से करना होगा। रहवासियों में जागरूकता उत्पन्न करना भी शामिल है।

अग्निबाण - 16

अग्निबाण 16/12/21

# समस्या का निराकरण कर देंगे योजनाओं का लाभ

## आपकी सरकार आपके साथ अभियान में सभी वार्डों में लगेंगे शिविर

**रतलाम**(। शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए 15 से 30 दिसंबर तक आपकी सरकार-आपके साथ अभियान में वार्ड वार जन समस्या निवारण शिविर लगाए जाएंगे। गुरुवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि वार्डों में रहवासियों की समस्या का निराकरण कर मूलभूत सुविधाएं, जन कल्याणकारी योजनाओं का पात्र एवं वंचित हितग्राहियों का लाभ दिलाया जाना है। जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले ना कि अपात्र को। वार्ड 1 से 25 के लिए नगर निगम से एमके जैन प्रभारी सहायक यंत्री, खाद्य विभाग से रश्मि खम्बेटे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, श्रम विभाग से नलिनी कटारा श्रम निरीक्षक व महिला एवं बाल विकास विभाग स चेतना गेहलोत तथा वार्ड 26 से 49 तक के लिये नगर निगम से एपी सिंह सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य विभाग से श्री उमेश कुमार पांडे कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, श्रम विभाग से निशा गणावा श्रम निरीक्षक व महिला एवं बाल विकास विभाग से नीलम वाघेला को नियुक्त किया गया है। अभियान का नोडल अधिकारी जीके जायसवाल प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी को नियुक्त किया गया है।

अभियान के तहत आंबेडकर कम्युनिटी हाल गांधी नगर, रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, राठौड़ धर्मशाला, महर्षी दयानंद वैदिक विद्यालय, गुरू रामदास स्कूल विनोबा नगर, मार्निंग स्टार स्कूल इंदिरा नगर, कम्युनिटी हाल अलकापुरी, संत नामदेव पब्लिक स्कूल विनोबा नगर, साई श्री एकेडमी स्कूल 80 फीट रोड रत्नपुरी, सिंधी गुरुद्वारा मोहन नगर, बोधी स्कूल डोंगरे नगर, सुमंगल गार्डन कस्तुरबा नगर, आंबेडकर कम्युनिटी हाल जवाहर नगर, सरस्वती स्कूल काटजू नगर, मांगलिक भवन सुभषश नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, उत्कृष्ट स्कूल सागोद रोड, शांति निकेतन टाटा नगर, राधाकृष्ण प्राथमिक विद्यालय दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, नरसिंह वाटिका सिलावटों का वास, मानस भवन मोती नगर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर आदि में शिविर आयोजित किए गए हैं। नई.

नईदुनिया 17/12/21

**पर्यटन** **हनुवंतिया में काम कर चुकी फर्म संभालेगी व्यवस्था, 25 दिसंबर तक शुरू हो सकता है महोत्सव–**

# धोलावड़ पर बोटिंग, नाइट कैंपिंग का ले सकेंगे मजा



धोलावड़ डैम पर बोटिंग का आनंद लेते हुए नागरिक। • फाइल फोटो

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। धोलावड़ ईको टूरिज्म पार्क में पर्यटन गतिविधियां संचालित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। खंडवा के हनुवंतिया में आयोजित होने वाले पर्यटन महोत्सव में काम कर चुकी फर्म ने ठेका लिया है। फर्म ने प्रारंभिक काम शुरू कर दिया है, शुक्रवार तक अनुबंध हो जाएगा। 25 दिसंबर तक पर्यटन महोत्सव शुरू हो सकता है।

जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की कार्यकारिणी समिति की बैठक में निजी क्षेत्र के माध्यम से पार्क में उपलब्ध गतिविधि सामग्री व अमले सहित एकमुश्त राशि पर देने पर संचालन का ठेका देने का निर्णय किया गया था। इसके बाद जारी टेंडर में छह माह के लिए न्यूनतम राशि तीन लाख रुपए निर्धारित की गई। इंदौर की फर्म ने 3.26 लाख रुपये में ठेका लिया है। गुरुवार को फर्म के प्रतिनिधियों ने धोलावड़ डैम क्षेत्र का निरीक्षण किया।

**गत वर्ष 11000 से अधिक पर्यटक आए थे :** ईको टूरिज्म पार्क में बोटिंग, तीरंदाजी, मंकी क्राल, माउंटेन साइकलिंग सहित अन्य गतिविधियां होंगी। डैम के बीच स्थित आइलैंड पर नाइट कैंपिंग के भी इतंजाम किए जाएंगे। गत वर्ष 12 दिवसीय उत्सव में 11 हजार से अधिक लोगों ने गतिविधियों में हिस्सा लिया था। ठेका लेने वाली फर्म पूरे परिसर में जरुरतों के मान से इंतजाम करेगी। इसमें बच्चों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। फुड जोन में भी गुणवत्तापूर्वक सामग्री दी जाएगी।

## रायल कालेज में संगोष्ठी

रतलाम। आयकर विभाग द्वारा रायल कालेज में राष्ट्र निर्माण में प्रत्यक्ष कर के योगदान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता रतलाम आयकर अधिकारी एसआर मीणा, आयकर निरीक्षक एलआर मीणा, वरिष्ठ कर सलाहकार दीपक पुरोहित व महाविद्यालय प्राचार्य डा. प्रवीण मंत्री रहे। आयकर अधिकारी मीणा ने आयकर विवरणी भरने एवं उ[...] लाभों की जानकारी से विद्यार्थियों [...] अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्र निर्मा[...] जनकल्याण योजनाओं की पूर्ति [...] प्रत्यक्ष कर के योगदान की जानकारी दी। कर सलाहकार पुरोहित द्वारा आय[...] व विभिन्न बचत योजनाओं के [...] अग्रिम कर के प्रविधानों, आयकर [...] योजनाओं से अवगत कराया। संगो[...] में महाविद्यालय की ओर से डा. प्र[...] मंत्री, डा. अमित शर्मा, डा. मनीष से[...] प्रो. जाकिर हुसैन खिलजी, प्रो. व[...] शर्मा, स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्[...] उपस्थित रहे। संचालन महाविद्[...] के प्रो. कपिल केरोल ने किया। अ[...] आयकर विभाग के ऋषिराज मीण[...] माना। जानकारी कालेज के चेय[...] प्रमोद गुगालिया ने दी।

०६

नईदुनिया 17/12/21

# नगर को स्वच्छता में ऊंचा स्थान दिलाने के लिए सभी ने संकल्प लिया

## स्वच्छ समागम कार्यशाला में रैंकिंग दिलाने में बाधक बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जीरो वेस्ट थीम पर आधारित स्वच्छ समागम कार्यशाला नगर निगम द्वारा आयोजित की गई,जिसमें विधायक,पूर्व पार्षद और शासकीय संगठनों के पदाधिकारी, मीडियाकर्मी शामिल थे, जिन्होंने रतलाम को स्वच्छता में ऊंचा स्थान दिलाने के लिए एक स्वर में संकल्प लिया। कार्यशाला में एजेंसी ह्यूमन मैट्रिक्स द्वारा रतलाम शहर के लिए प्रेजेंटेशन दिया गया।



ह्यूमन मैट्रिक्स के सनप्रीतसिंह ने प्रेजेंटेशन में जहां इंदौर को नंबर वन बन में किए गए प्रयासों योजनाओं, कार्यक्रमों की सिलसिलेवार जानकारी दी, वहीं रतलाम को ऊंची रैंकिंग दिलाने में बाधक बिंदुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। एजेंसी ने शहर में वृहद सर्वेक्षण द्वारा उन कमियों की और ध्यान आकर्षित किया है जिनकी वजह से स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम अभी पीछे है। यह भी बताया कि अब आगे क्या करना है, क्या स्ट्रैटेजी अपनानी है। उन्होंने बताया कि 2022 स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए 7500 अंक रहेंगे, इनमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 3000 अंक होंगे। सिटीजन वॉइस के लिए 2250 अंक रहेंगे। सर्टिफिकेशन के लिए भी 2250 अंक रखे गए हैं। रतलाम शहर को स्वच्छता के साथ-साथ वाटर प्लस में भी अंक हासिल करना होंगे। सीनियर सिटीजन फीडबैक भी महत्वपूर्ण रहेगा। इसके लिए 400 अंक होंगे, सिटीजन इंगेजमेंट के 500 अंक रखे गए हैं। सफाई मित्र सुरक्षा के लिए भी 375 अंक होंगे। इसमें सीवर गाद निकालने के लिए मशीन का इस्तेमाल महत्वपूर्ण है।

### नियोजित कार्य योजना ज़रूरी -विधायक

विधायक चैतन्य काश्यप ने उद्बोधन में शहर के लिए नियोजित कार्य योजना को जरूरी बताया। साथ ही महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए वार्डों में समितियां बनाई जाए, घरों में कंपोस्ट निर्माण के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। यही प्रशिक्षण व्यवस्था शहर की होटल्स के गीले कचरे के निपटान के लिए भी करना होगी। विधायक ने शहर को स्वच्छता में उचित स्थान दिलाने के लिए टाइम लाइन निर्धारित करके चरणबद्ध ढंग से कार्य करने पर जोर दिया। श्री काश्यप द्वारा सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

### अब शहर स्वच्छता के लिए नई करवट लेगा-कलेक्टर

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि हम कृत-संकल्पित हैं, निश्चित रूप से अब शहर स्वच्छता के लिए नई करवट लेगा। आने वाले दिनों में बदलाव नजर आएगा। हम स्वच्छता अभियान 2022 की शुरुआत कर रहे हैं। आने वाले माह से बदलाव दिखेगा। शासन ने जिलों की भी रैंकिंग व्यवस्था आरंभ की है जिसके लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा। अनेक जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अपने उपयोगी सुझाव दिए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में इंदौर से आए ह्यूमन मैट्रिक्स के सदस्य सुश्री अदिति अग्रवाल, अमितोजसिंह, आकाश कनौजिया शामिल थे। कार्यशाला का संचालन उपायुक्त विकास सोलंकी ने किया।

### स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

रतलाम शहर को अग्रणी बनाने के लिए स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसडर भी कार्य करेंगे। शहर की ख्यात चिकित्सक पद्मश्री डॉ. लीला जोशी के अलावा श्रीमती दिव्या पाटीदार, नवोदित बैरागी, सुश्री अंजू सूर्यवंशी, राजा ठाकुर को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर शहर के लिए नियुक्त किया गया है। कार्यशाला में डॉ. लीला जोशी को ब्रांड एंबेसडर नियुक्ति का औपचारिक पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यशाला में उन स्वच्छता मित्रों, दीदीयों का भी सम्मान किया गया जिन्होंने रतलाम शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है। स्वदेश

स्वदेश 17/12/21

## विधायक तथा कलेक्टर की मौजूदगी में संपन्न कार्यशाला से नया जोश जागा

# देश के टॉप स्वच्छ शहरों में शामिल होने के लिए रतलाम अब गति पकड़ेगा

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

देश के टॉप स्वच्छ शहरों में रतलाम को सम्मिलित करने के लिए विधायक श्री चैतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बीड़ा उठाया गया है। रतलाम में अब स्वच्छता कार्य गति पकड़ेगा। इंदौर को नंबर वन बनाने में सहयोगी रही कंसलटेंसी एजेंसी की सेवाएं शहर के लिए ली जा रही हैं। बुधवार को आयोजित कार्यशाला में एजेंसी ह्यूमन मेट्रिक्स द्वारा रतलाम शहर के लिए प्रेजेंटेशन दिया गया। विधायक श्री काश्यप, राजेंद्र सिंह लुनेरा, कलेक्टर पुरुषोत्तम के अलावा पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, कन्हैयालाल मोर्य, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कार्यशाला में उपस्थित थे। कार्यशाला से उपस्थितजनों में रतलाम को स्वच्छता में ऊंचा स्थान दिलाने के लिए नया जोश जागा, सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया।

सैलाना रोड स्थित गुरु तेग बहादुर अकेडमी पर आयोजित जीरो वेस्ट थीम पर आधारित स्वच्छ समागम कार्यशाला में शहर के कई पूर्व पार्षदगण तथा अशासकीय संगठनों के पदाधिकारी, मीडियाजन उपस्थित थे। ह्यूमन मैट्रिक्स के सनप्रीतसिंह ने प्रेजेंटेशन में जहां इंदौर को नंबर वन बनाने में किए गए प्रयासों योजनाओं, कार्यक्रमों की सिलसिलेवार जानकारी दी, वहीं रतलाम को ऊंची रैंकिंग दिलाने में बाधक बिंदुओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। एजेंसी ने शहर में वृहद सर्वेक्षण द्वारा उन कमियों की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिनकी वजह से स्वच्छता रैंकिंग में रतलाम अभी पीछे है। यह भी बताया कि अब आगे क्या करना है, क्या स्ट्रैटेजी अपनानी है।

विधायक चेतन्य काश्यप ने उद्बोधन में शहर के लिए नियोजित कार्य योजना को जरूरी बताया। साथ ही महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि हमारा समीपवर्ती जिला इंदौर स्वच्छता में देश में नंबर वन है तो हम भी पीछे नहीं रहेंगे। शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने के लिए सुनियोजित ढंग से कार्य करेंगे, जनभागीदारी भी खड़ी की जाएगी। रतलाम कई क्षेत्रों में आगे हैं, स्वच्छता में भी शहर को निश्चित रूप से अग्रणी बनाएंगे।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि हम कृत-संकल्पित हैं, निश्चित रूप से अब शहर स्वच्छता के लिए नई करवट लेगा। आने वाले दिनों में बदलाव नजर आएगा। हम स्वच्छता अभियान 2022 की शुरुआत कर रहे हैं। आने वाले माह से बदलाव दिखेगा, शासन ने जिलों की भी रैंकिंग व्यवस्था आरंभ की है जिसके लिए सभी के सहयोग से कार्य किया जाएगा।



**शहर के लिए प्रेजेंटेशन**

ह्यूमन मेट्रिक्स के श्री सनप्रीतसिंह ने अपने प्रेजेंटेशन में बताया कि 2022 स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए 7500 अंक रहेंगे, इनमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए 3000 अंक होंगे। सिटीजन वॉइस के लिए 2250 अंक रहेंगे। सर्टिफिकेशन के लिए भी 2250 अंक रखे गए हैं। रतलाम शहर को स्वच्छता के साथ-साथ वाटर प्लस में भी अंक हासिल करना होंगे। सीनियर सिटीजन फीडबैक भी महत्वपूर्ण रहेगा। इसके लिए 400 अंक होंगे, सिटीजन इंगेजमेंट के 500 अंक रखे गए हैं। सफाई मित्र सुरक्षा के लिए भी 375 अंक होंगे। इसमें सीवर गाद निकालने के लिए मशीन का इस्तेमाल महत्वपूर्ण है। श्री सनप्रीतसिंह ने उन महत्वपूर्ण घटकों पर क्रियान्वयन की जानकारी दी जिन पर अमल करके इंदौर स्वच्छता में देश में नंबर वन बना है। कार्यशाला के दौरान प्रेजेंटेशन में उन कमियों को बताया गया जिनको दूर करके रतलाम को स्वच्छता के अग्रणी शहरों में शुमार किया जाएगा। उनमें डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन महत्वपूर्ण है। अभी रतलाम शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन 50 से 70 प्रतिशत है जिसे शत-प्रतिशत करना है। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों की सफाई में कमी को दूर करना है। कचरा पृथक्करण सबसे महत्वपूर्ण घटक है। गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण के अलावा प्लास्टिक एवं अन्य घटकों के पृथक्करण का कार्य भी शत-प्रतिशत रूप से करना होगा।

प्रारंभ में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत उद्बोधन देते हुए रतलाम शहर में स्वच्छता और उससे जुड़े घटकों की जानकारी दी, कार्य योजना बताई। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, हनीफ शेख, जी.के. जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, प्रदीप उपाध्याय, गोविंद काकानी, निर्मल कटारिया, श्रीमती अनीता कटारिया, सुश्री सीमा टांक, सुश्री ललिता पंवार, निमिष व्यास, सलीम मेव, राकेश परमार, रवि जोहरी, मंगल लोढ़ा, कन्हैयालाल मौर्य, प्रेम उपाध्याय, कृष्ण कुमार सोनी, सुश्री अनिता कटारा, भगतसिंह भदोरिया, प्रहलाद पटेल आदि उपस्थित थे। कार्यशाला में विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उपस्थितजनों ने रतलाम शहर को पूर्ण स्वच्छ सुन्दर बनाने में योगदान का संकल्प लिया।

### स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसडर नियुक्त

रतलाम शहर को अग्रणी बनाने के लिए स्वच्छता के पांच ब्रांड एंबेसडर भी कार्य करेंगे। शहर की ख्यात चिकित्सक पद्मश्री डॉ. लीला जोशी के अलावा श्रीमती दिव्या पाटीदार, श्री नवोदित बैरागी, सुश्री अंजू सूर्यवंशी, राजा ठाकुर को स्वच्छता का ब्रांड एंबेसडर शहर के लिए नियुक्त किया गया है। कार्यशाला में डॉ. लीला जोशी को ब्रांड एंबेसडर नियुक्ति का औपचारिक पत्र भी प्रदान किया गया।

### स्वच्छता मित्रों, दीदियों का सम्मान किया गया

कार्यशाला में उन स्वच्छता मित्रों, दीदियों का भी सम्मान किया गया जिन्होंने रतलाम शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है।

सिंघम - 16/12/21

**टीकाकरण के महाअभियान में गुरुवार को 33 हजार से अधिक लोगों का हुआ वैक्सीनेशन**

# पहले डोज से छूटे लोगों को फटकार, फिर वैक्सीन!

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** जिले में कोरोना वैक्सीनेशन के महा अभियान को लेकर गुरुवार को सुबह से स्वास्थ्य विभाग का अमला सड़कों के साथ वैक्सीनेशन सेंटर पर अलर्ट मोड में नजर आया। अब तक जो लोग वैक्सीन का पहला डोज लगवाने के लिए भी सेंटरों पर नहीं आ रहे थे, वे भी अब टीका लगवाने के लिए पहुंच रहे हैं। रतलाम में कोरोना मरीज मिलने के बाद जो लोग टीका नहीं लगवा रहे थे, वे अब फिर से डर के कारण टीका लगवाने के लिए मजबूर नजर आने लगे हैं। ऐसे में इन लोगों को टीका लगवाने के लिए पहले प्रशासन के अधिकारियों पास भेजा जा रहा है जो कि पहले फटकार का डोज दे रहे है और उसके बाद इन लोगों को वैक्सीन का डोज दिया जा रहा है।



| विकासखंड | लक्ष्य | पहला डोज लगा | दूसरा डोज |
|---|---|---|---|
| आलोट | 165665 | 157355 | 153587 |
| बाजना | 124432 | 96843 | 91018 |
| जावरा | 183908 | 188648 | 173797 |
| पिपलोदा | 104685 | 87053 | 93787 |
| सैलाना | 102111 | 96641 | 85090 |
| ग्रामीण | 190934 | 179176 | 175738 |
| रतलाम | 229178 | 247010 | 229853 |

(नोट - यह आंकड़ा 15 दिसंबर तक का है।)

टीकाकरण केंद्रों पर पहला डोज लगवाने के लिए पहुंचने वाले लोगों को यहां मौजूद कर्मचारी टीका लगवाने के लिए पहुंचे एसडीएम कार्यालय भेज रहे हैं। उनका कहना है कि पहले आप प्रशासनिक अधिकारी से लिखवाकर लाए कि आपको टीका लगाना है तब टीका लगेगा। इस बात को लेकर कुछ लोग आपत्ति जताते हुए नाराजगी भी जाहिर करते है लेकिन उनकी बात सुनने के बाद भी पहले उन्हे कलेक्टर कार्यालय भेजा जा रहा है।

## पूछ रहे कारण

कलेक्टर कार्यालय में पहले टीका लगवाने के लिए प्रशासन के आला अधिकारी से मिलने जा रहे लोगों से अधिकारी यह जानकारी ले रहे है कि आखिरकार जब उन्हे फोन लगाकर बुला रहे थे, उसके बाद भी वे लोग अब तक टीका लगवाने के लिए अब तक किन कारणों से नही आए और अब अचानक से क्यो आ रहे हैं। ऐसे में कुछ लोगों के जवाब यहां भी लापरवाही भरे आ रहे हैं, जिस पर उन्हे अधिकारी की नाराजगी का सामना भी करना पड़ता है लेकिन उसके बाद उन्हे वैक्सीन भी लगवाया जा रहा है। अमले का कहना है कि आमजन की सेहत के लिए ही वैक्सीन है, इसलिए सभी छूटे हुए लोग अनिवार्य रूप से इसे लगवाए। पत्रिका

पत्रिका 17/12/21

# निगम अधिकारी-कर्मचारियों को सौंपे नवीन दायित्व

● रतलाम

कार्य व्यवस्था की दृष्टि से निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों के दायित्वों में बदलाव करते हुए नवीन दायित्व सौंपे जिसके तहत कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख को लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री के प्रभार से मुक्त कर सुरेशचन्द्र व्यास को लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री का दायित्व सौंपा।

झोन प्रभारियों के दायित्वों में बदलाव करते हुए किरण चौहान को झोन क्रमांक 1, पर्वत हाड़े को झोन क्रमांक 2, ए.पी. सिंह को झोन क्रमांक 3 व विनय चौहान को झोन क्रमांक 4 का दायित्व सौंपा। इसके अलावा समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुशी पालीवाल को जनकल्याणकारी शाखा का प्रभारी, सहायक राजस्व उप निरीक्षक अंजनी प्रसाद मिश्रा को श्रमिक पंजीयन का शाखा प्रभारी व सहायक राजस्व उप निरीक्षक प्रदीप उपाध्याय को सहायक, लेखापाल जगदीश पांचाल को संबल योजना का शाखा प्रभारी व सहायक वर्ग 3 दिनेश राठौर को सहायक का दायित्व सौंपा। उक्त तीनो विभागों का विभाग प्रमुख उपायुक्त विका सोलंकी को नियुक्त किया है। इसी तरह उप स्वच्छता पर्यवेक्षक सौरभ काला को वार्ड प्रभारी के दायित्व से मुक्त कर जलप्रदाय विभाग में नियुक्त किया है। अग्निबाण/16

अग्निबाण 16/12/21

## ठेकेदारों को निर्देश जल्द शुरू करें काम

रतलाम. नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क डामरीकरण, सीमेन्टीकरण, ड्रेन, क्रॉस ड्रेन, नाली व पुलिया निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा निगम आयुक्त झारिया ने गुरुवार को करते हुए तेजी से करने के निर्देश ठेकेदारों को दिए। झारिया ने ठेकेदारों को निर्देशित किया जिन कार्यों के कायदेश जारी किए जा चुके हैं, वे कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। डामरीकरण का कार्य 28 दिसम्बर से अनिवार्य रूप से प्रारंभ किया जाए। एक अन्य बैठक में झारिया ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 तैयारी प्रारंभ करने के लिए आईईसी टीम के सदस्यों व वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर कचरा संग्रहण व दलेल लगाकर सफाई का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त झारिया ने बैठक में कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की परीक्षा की तैयारी हमें अभी से प्रारंभ करना होगी। तभी हम रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाकर उच्चतम रैंकिंग दिला पाएंगे।

## 30 तक वार्डवार लगाए जाएंगे शिविर

रतलाम. हितग्राही योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए शासन के आपकी सरकार-आपके साथ अभियान के तहत 15 से 30 दिसम्बर वार्डवार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के संबंध में गुरुवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

पत्रिका 17/12/21

## 28 से शुरू होगा शहर की सड़कों का डामरीकरण

रतलाम | एक माह से अधिक समय से रुके पड़े शहर की सड़कों के डामरीकरण का काम 28 दिसंबर से शुरू होगा। गुरुवार को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने ठेकेदार को आदेश दे दिए हैं। आयुक्त ने सीसी, ड्रेन, क्रॉस ड्रेन, नाली व पुलिया निर्माण का अपडेट लिया। तीन ठेकेदारों को अनुबंध के लिए सूचना-पत्र जारी किया जा चुका है। 9 ठेकेदारों को वर्क ऑर्डर दे चुके हैं। आयुक्त ने जल्द काम चालू करने को कहा है।

## मास्क नहीं लगाने वाले 34 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम | स्वच्छता के साथ कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए नगर निगम अभियान चला रहा है। गुरुवार को सार्वजनिक स्थानों पर बिना मास्क लगाए घूम रहे 34 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया। इसके अलावा गंदगी करने पर बरबड़ रोड लौहार रोड, 80 फीट रोड क्षेत्र में स्पॉट फाइन लगाया गया।

द. भास्कर 17/12/21

## 90 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को 90 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 32245, ट्रैक्टर-ट्राली से 21100, काम्पेक्टर सूखा कचरा 20005, काम्पेक्टर गीला कचरा 17120 कुल 90470 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## 6308 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार तक 6308 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 17/12/21

# खतरनाक एवं संवेदनशील कार्यों में लगे कर्मियों को संपूर्ण सुरक्षा के साधन उपलब्ध करवाएं जाए-पाण्डेय

रतलाम। जिले के नगरीय विकास विभाग में कार्यरत स्वास्थ्य व प्रकाश विभाग के कर्मचारीयों,मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग में कार्यरत कर्मचारियों तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के स्वच्छता कर्मियों संपूर्ण सुरक्षा के साधन सुरक्षा किट उपलब्ध करवाए जाएं।

उक्त मांग करते हुए मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के संयुक्त सचिव रतलाम इंजीनियरिंग कामगार संघ के अध्यक्ष वजिला इंटक काउंसिल,रतलाम पूर्व अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने जिलाधीश श्री कुमार पुरुषोत्तम को पत्र में कहा कि अत्यंत दुख एवं आश्चर्य हो रहा है कि जिले में विभिन्न विभागों के तहत् स्वास्थ्य-स्वच्छता व बिजली के कार्य में लगे कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए विपरीत परिस्थितियों में यहां तक कि अपनी जान को जोखिम में डालकर भी अपने कार्य - दायित्वों को पूर्ण कर रहे हैं । उपरोक्त से सम्बन्ध यह शिकायत है कि जिले के नगरीय विकास विभाग,ऊर्जा विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी लापरवाही कर उनके विभाग में कार्यरत कर्मियों को कार्य अनुसार पर्याप्त सुरक्षा के साधन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, जिसके कारण पूर्व में भी रतलाम के इन विभागो में कई कर्मियों को संक्रमण तथा गंभीर बीमारियों से जूझना पड़ा है यहां तक कि अंग भंग तथा अपनी जान भी गंवानी पड़ी है जिसकी पुनरावृत्ति निरंतर जारी है।

पत्र में अनुरोध किया गया कि विभिन्न विभाग जैसे नगरीय विकास विभाग के अंतर्गत "नगर पालिक निगम, रतलाम एवं जिले की नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई कर्मी एवं प्रकाश विभाग के कर्मचारियों को, ऊर्जा विभाग के तकनीकी कर्मचारियों जैसे लाइनमैन आदि जोखिम भरे कार्य में संलग्न कर्मियों को तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में कार्यरत सफाई कर्मियों को,कार्यों के लिए निर्धारित सुरक्षा के संपूर्ण साधन सुरक्षा-किट (कार्य के अनुरूप ऑक्सीजन भी) उपलब्ध करवाए जाएं। जिससे कर्मियों को संक्रमण, बिमारियों, गंभीर दुर्घटनाओं तथा जान-जोखिम से बचाया जा सके। कार्य अनुरूप कर्मचारियों को सुरक्षा साधन उपलब्ध करवाने के लिए मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन, संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव ,श्रम आयुक्त , इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर जी संजीव रेड्डी,राष्ट्रीय महासचिव श्री संजय सिंह जी तथा प्रदेश अध्यक्ष श्री आर डी त्रिपाठी को भी अवगत कराया है।

स्वतंत्र [illegible] 17/12/21

# टीका नहीं लगवाने की सामाजिक गैर जिम्मेदारी के हो सकते हैं घातक परिणाम : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना के दोनों टीके लगवाना सबसे बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी है। हम कोरोना का टीका नहीं लगवाकर अपने साथ, अपने परिजन और परिचितों की जान को भी जोखिम में डालते हैं। इस प्रकार की सामाजिक गैर जिम्मेदारी के परिणाम घातक हो सकते हैं। प्रदेश में सभी पात्र व्यक्तियों के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य दिसंबर के अंत तक पूर्ण किया जाना है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं इस लक्ष्य को पूरा करने में सभी सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, मीडिया के बंधुओं और प्रत्येक व्यक्ति से सहयोग की अपील करता हूँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज टीकाकरण महाअभियान-10 के अंतर्गत शिवाजी नगर स्थित सरोजिनी नायडू विद्यालय में संचालित टीकाकरण केंद्र का अवलोकन कर रहे थे।



ख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों को सतर्क करते हुए कहा कि कोरोना अभी समाप्त नहीं हुआ है। आज प्रदेश में 18 पॉजीटिव प्रकरण हैं। सक्रिय मरीजों की संख्या 171 है। इसके अतिरिक्त देश-दुनिया में नया वैरिएंट ओमिक्रॉन फैल रहा है। इससे बचाव के लिए सतर्कता आवश्यक है। अतः प्रदेशवासियों से निवेदन है कि मास्क पहनने और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसी सावधानियों का पालन करें। भीड़ से बचें और कोरोना के विरूद्ध सबसे अधिक सशक्त तथा प्रभावी ढाल टीकाकरण को अपनाएँ। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अधिकतम टीका लगाने वाले राज्यों में मध्यप्रदेश अग्रणी है। अब तक प्रदेश के 94 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों को टीके का पहला डोज़ और 77 प्रतिशत लोगों को वैक्सीन की दोनों डोज़ लगाई जा चुकी हैं। हमारा उद्देश्य दिसम्बर अंत तक प्रदेशवासियों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कर प्रदेश को संपूर्ण सुरक्षा चक्र प्रदान करना है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निःशुल्क टीका देने की व्यवस्था की गई है। टीका जीवन का रक्षक है, अतः सभी धर्मगुरू, जन-प्रतिनिधि, समाजसेवी, स्वयंसेवी संस्थाएँ, कोरोना वॉलेंटियर्स अपने आस-पास ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करें, जिसने अभी तक टीका नहीं लगवाया है। यह प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य है।

प्रसारण 17/12/21

## योजना का लाभ दिलाने 30 तक शिविर लगेंगे

रतलाम | शहरवासियों को सरकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए आपकी सरकार-आपके साथ अभियान के तहत नगर निगम वार्डवार शिविर लगा रहा है। वार्ड 1 से 25 तक के लिए प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, खाद्य विभाग की कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी रश्मि खम्बेटे, श्रम निरीक्षक नलिनी कटारा, महिला एवं बाल विकास विभाग से चेतना गेहलोत तथा वार्ड 26 से 49 तक के लिए स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, खाद्य विभाग की कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी उमेश कुमार पांडे, श्रम निरीक्षक निशा गणावा, महिला एवं बाल विकास विभाग से नीलम वाघेला को नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी जीके जायसवाल को बनाया है।

दै. भास्कर 17/12/21

## पाइपलाइन फूटी, दो टंकियों से जल वितरण में एक दिन का ब्रेक

रतलाम। धोलावड़ से मोरवानी फिल्टर प्लांट के बीच 600 एमएम की पाइपलाइन बुधवार रात फूटने से गुरुवार को जलवितरण का क्रम गड़बड़ा गया। निगम जलप्रदाय विभाग प्रभारी हनीफ शेख ने अमला भेजकर सुधार करवाया। पाइपलाइन सुधारने में पांच से छह घंटे का समय लगा, इसके चलते गोशाला रोड व पोलोग्राउंड टंकी समय पर नहीं भर पाई। इस वजह से दोनों टंकियों से जलवितरण रोकते हुए गुरुवार को सप्लाई वाले क्षेत्रों में शुक्रवार को आपूर्ति की जाएगी। कार्यपालन यंत्री शेख ने बताया कि पाइपलाइन फूटने से जलवितरण प्रभावित हुआ है।

नईदुनिया 17/12/21

# पहले फ्रीज में आग लगी, फायर ब्रिगेड बुझा गई तो पटाखों ने पकड़ ली आग, दोबारा पहुंच पाया काबू

## रहवासी क्षेत्र के मकान में रखे हुए थे पटाखे



चार चक्की चौराहा पर आग बुझाने पहुंची फायर लारी।

भास्कर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

चार चक्की चौराहा के पास किराए से मकान में रह रहे अनिल निनामा के मकान में गुरुवार शाम सवा सात बजे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इससे फ्रीज जल कर राख हो गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। आग बुझाने के बाद शाम 7.30 बजे फायर लॉरी रवाना हो गई। आधे घंटे बाद फिर इसी घर से धमाकों की आवाज आना शुरू हो गई है। आसपास के रहवासी भयभीत हो गए। पता चला कि यहां घर में रखे पटाखों की पेटियों में आग लग गई। पटाखे फूटना शुरू हो गए। फिर से फायर ब्रिगेड को सूचना दी। वहीं, क्षेत्र के भीमसिंह सहित आसपास के रहवासियों ने पास में लगे ट्यूबवेल से आग बुझाने का प्रयास किया। इसके बाद दो फायर लॉरी मौके पर पहुंची। फायरमैन खालिद खान, दशरथ देवड़ा, करणसिंह, दयाराम, अशोकसिंह, जितेंद्र कुमार ने मिलकर आग पर काबू पाया। सूचना पर स्टेशन रोड टीआई किशोर पाटनवाला सहित पुलिस का बल मौके पर पहुंचे।

### रहवासी क्षेत्र के मकान में रखे हुए थे पटाखे

यह रहवासी क्षेत्र है और आसपास घनी आबादी है, लेकिन मकान में पटाखे की पेटियां जमा रखी थी। वो समय रहते आग पर काबू पा लिया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

दै. भास्कर 17/12/21

# संकट में हनुमान ताल : तालाब के ऊपर काई जमने लगी, कारण - नाले का गंदा पानी मिल रहा





शहर के सबसे खूबसूरत तालाब हनुमान ताल का ऐसा हाल हो चुका है। फोटो-चिंटू मेहता

**रतलाम** | इन तस्वीरों को देखकर आपका मन दुखी हो रहा होगा। दुर्गति की दशा जाननी हो तो सुबह घूमने आने वालों से पूछिए। हमारा हनुमान ताल संकट में आ चुका है। स्वच्छता का दावा करने वाले जिम्मेदारों की अनदेखी का असर ये है कि ताल के पानी पर काई नजर आने लगी है।

**ऐसा क्यों...**

**सीवरेज का पानी तालाब में मिलने से ऐसा हाल**

सीवरेज का पानी तालाब में मिलने से ऐसा हो रहा है। दरअसल, हनुमान ताल के पास ही रत्नपुरी और आसपास की कॉलोनियों का गंदा पानी सीधे तालाब में मिल रहा था। जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया इससे समस्या खड़ी हो गई है। इसके अलावा नालों से जुड़ी अन्य समस्या है।

भास्कर

*काम शुरू हो गया-* 2006 में सीवरेज की लाइन डाली थी। यह वेस्ट् वेयर में जाता था, लेकिन अभी सीवरेज खुदाई में पोकलेन से पाइप डेमेज हो गया। इससे पानी तालाब में आने लगा। हमने शिकायतें की है, अभी काम शुरू हुआ है। - **पवन सोमानी**, भाजपा नेता

*सफाई करवाने का कहेंगे-* नालियों का पानी तालाब में मिल रहा है। निगम इंजीनियर को मौके पर बुलवाया था। अभी काम शुरू हो गया है। गंदगी है, सफाई करवाने का भी कहेंगे।
**- मयूर पुरोहित**, मंडल अध्यक्ष, भाजपा

दै. भास्कर 17/12/21

## सौंदर्यीकरण : लोकेंद्र भवन फोरलेन के डिवाइडर पर लगाए पौधे, रंग-रोगन भी कर रहे



रतलाम | दो बत्ती से मित्र निवास रोड तिराहे तक सीमेंट कांक्रीट फोरलेन बनाने के बाद डिवाइडर पर पौधे लगा दिए हैं। महाराज सज्जनसिंह स्टैच्यू से लेकर मित्र निवास रोड तिराहे तक पौधे लगाए हैं। इससे रोड की सुंदरता बढ़ गई है। फोटो | चिंटू मेहता भास्कर

दै. भास्कर 17/12/21